आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 10.04.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

1. ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगारी दर चार दशमलव तीन प्रतिशत से घटकर चार दशमलव दो प्रतिशत हो गई है।

2. द्वीपसमूह के उप राज्यपाल द्वारा ई–चालान प्रणाली और मोटरसाइकिल हेलमेट जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया।

3. श्री विजयपुरम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन– एल्डरलाइन 14567 द्वारा स्नेह संगम पहल के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।

4. खेल विभाग वाइल्ड कार्ड एन्ट्री– खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने के लिए विभिन्न खेलों में चयन ट्रॉयल का आयोजन करेगा।

<><><><><><>

ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगारी दर चार दशमलव तीन प्रतिशत से घटकर चार दशमलव दो प्रतिशत हो गई है। जनवरी से दिसंबर दो हजार चौबीस तक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार शहरी क्षेत्रों में श्रम बल भागीदारी दर पचास दशमलव तीन प्रतिशत से बढ़कर इक्यावन प्रतिशत से अधिक हो गई है। सभी श्रेणियों में श्रमिक संख्या अनुपात में कुछ सुधार हुआ है। शहरी क्षेत्रों में समग्र श्रमिक संख्या अनुपात सैंतालिस प्रतिशत से बढ़कर सैंतालिस दशमलव छह प्रतिशत हो गया है।

<><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि नए आधार कानून का डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट दो हजार तेईस के साथ सामंजस्य बिठाया जाएगा, जिसमें उपयोगकर्ता के हितों को केंद्र में रखा जाएगा। मंत्री ने कहा कि जब आधार अधिनियम बनाया गया था, तब कानूनी ढांचे में कई खामियां थीं, लेकिन आज उन खामियों को दूर कर दिया गया है। उन्होंने आधार अधिनियम का एक आधुनिक संस्करण लाने पर जोर दिया, जिसमें पूरे कानून के केंद्र में उपयोगकर्ता पर ध्यान केंद्रित किया गया हो। उन्होंने कहा कि इस सरकार का ध्यान गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने पर है।

<><><><><><>

राज निवास के सम्मेलन कक्ष में द्वीपसमूह के उप राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी द्वारा ई–चालान प्रणाली का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल, प्रशासन और पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ई–चालान प्रणाली यातायात उल्लंघनों को दर्ज करने और दंडित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मैनुअल सिस्टम को डिजिटल प्लेटफॉर्म में बदलने से, यह पहल यातायात कानून प्रवर्तन में बढ़ी हुई पारदर्शिता, सटीकता, वास्तविक समय की निगरानी और दक्षता सुनिश्चित करेगी। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने स्कूली बच्चों को हेलमेट भेंट किए और अंडमान निकोबार यातायात पुलिस द्वारा आयोजित मोटरसाइकिल हेलमेट जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्देश्य दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था। रैली में स्कूली बच्चों के साथ पचास यातायात पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने हेलमेट सुरक्षा और जिम्मेदार सड़क व्यवहार को उजागर करने वाले बैनर के साथ साइकिल रैली निकाली। यातायात पुलिस ने सभी सड़क उपयोगकर्ताओं से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने और सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित बनाने में योगदान देने की अपील की है।

<><><><><><><>

आज महावीर जयंती है। इस अवसर पर उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने द्वीपवासियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि सत्य और धर्म के संदेशवाहक भगवान महावीर ने अपनी शिक्षाओं से विश्व को आलोकित किया है। प्रेम, करुणा, दया एवं सत्य पर आधारित उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कामना की कि यह त्योहार सभी द्वीपवासियों के जीवन में समृद्धि तथा खुशियां लेकर आए।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए गैर सरकारी संगठन ''पंख'' के सहयोग से जंगलीघाट मछुआरा कॉलोनी में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत बुजुर्गों को राष्ट्रीय हेल्पलाइन, एल्डरलाइन 14567 की पहल 'स्नेह संगम' द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी देना था। स्नेह संगम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बुजुर्ग के घर जाकर, सार्थक बातचीत कर, उन्हें हेल्पलाइन 14567 के बारे में जागरूक करना है।

<><><><><><><>

भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वीपसमूह के छः दिवसीय दौरे पर कल श्री विजयपुरम पहुंचे। न्यायाधीश द्वीपों के मुख्य पर्यटक स्थलों का दौरा करेंगे। आज वे स्वराज द्वीप जाएंगे। अपना दौरा पूरा कर वे चौदह अप्रैल को मुख्य भूमि वापस लौटेंगे।

<><><><><><><>

रिजर्व बैंक ने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम– एनपीसीआई से बैंकों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श करके ग्राहकों की जरूरतों के आधार पर यूपीआई लेनदेन की सीमा बढ़ाने की संभावना का पता लगाने को कहा है। आरबीआई ने कहा कि लेनदेन की उच्च सीमाओं से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए उचित सुरक्षा उपाय किए जाने चाहिए। इसमें कहा गया है कि बैंकों को एनपीसीआई द्वारा घोषित सीमाओं के भीतर अपनी आंतरिक सीमा तय करने का विवेकाधिकार जारी रहेगा। वर्तमान में, व्यक्ति से व्यक्ति– पी2पी और व्यक्ति से व्यापारी भुगतान– पी2एम की सीमा एक लाख रुपये है। यह सीमा कुछ विशिष्ट व्यापारी भुगतानों में पांच लाख रुपये तक सीमित हैं।

<><><><><><><>

चार मई से बिहार में होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स दो हजार पच्चीस के लिए अण्डमान निकोबार खेल विभाग वाइल्ड कार्ड एन्ट्री के आधार पर चयन ट्रॉयल आयोजित करेगा। चयन ट्रॉयल तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, साइकिलिंग, तैराकी, टेबल टेनिस और योगासन के लिए बारह अप्रैल, को सुबह छह बजे नेताजी स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, में आयोजित होगा। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को खेल विभाग द्वारा आवास व्यवस्था प्रदान करेगा।

<><><><><><><>

आज दुनिया भर में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जा रहा है। होम्योपैथी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चिकित्सा प्रणाली है। यह स्वास्थ्य सेवा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को अपनी प्राकृतिक पद्धतियों के लिए आकर्षित करती है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, देश में दस करोड़ से अधिक लोग अपनी स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए होम्योपैथी पर भरोसा करते हैं। वर्तमान में, देश में तीन लाख पैंतालिस हज़ार पंजीकृत होम्योपैथिक डॉक्टर, दो सौ सतहत्तर अस्पताल, आठ हज़ार से अधिक डिस्पेंसरी और दो सौ सतहत्तर शैक्षणिक संस्थान हैं। ये संस्थान होम्योपैथिक अभ्यास के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, हर साल हज़ारों कुशल पेशेवर तैयार करते हैं। होम्योपैथी में अनुसंधान के लिए केंद्रीय परिषद के तहत पैंतीस से अधिक शोध केंद्र साक्ष्य–आधारित होम्योपैथी को बढ़ावा देते हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

उप राज्यपाल द्वारा ई–चालान प्रणाली और मोटरसाइकिल हेलमेट जागरूकता रैली का शुभारंभ करने की खबर को द डेली टेलीग्राम्स ने प्रमुखता देते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। द्वीप समाचार ने प्रदर्शनी मैदान में चल रहे पुस्तक मेले के अतर्गत आज विभिन्न साहित्यिक गतिविधियां आयोजित करने की खबर को पहले पन्ने में जगह दी है। इसके अलावा अखबार ने डिगलीपुर पुलिस द्वारा यू–ट्यूबर रिपोर्टर की हत्या का मामला सुलझाने और चार आरोपियों की गिरफ्तारी की खबर को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया है। द इको ऑफ इंडिया ने भी इस खबर को पहले पन्ने में जगह दी है। इंफो इंडिया ने द्वीपसमूह के विभिन्न क्षेत्रों में सातवें पोषण पखवाड़ा के उदघाटन की खबर को प्रमुखता देते हुए पहले पन्ने में जगह दी है। स्नेह संगम कार्यक्रम के तहत घर–घर जाकर लोगों को जागरूक करने की खबर को द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है।

<><><><><><><>